<u>एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, झाँसी, उत्तर प्रदेश के स्नातक (कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी) के विद्यार्थियों का हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का शैक्षणिक दौरा</u>

एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, झाँसी, उत्तर प्रदेश के स्नातक (कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी) के **32 विद्यार्थियों** व उनके साथ आए **3 संकाय सदस्यों** ने दिनांक **6 नबम्बर, 2019** को हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का शैक्षणिक दौरा किया।

श्री अश्वनी कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी, विस्तार प्रभाग, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने सभी विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों का हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया।

डॉ. एस. एस. सामंत, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने छात्रों को संबोधित करते हुए संस्थान की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हिमालयी क्षेत्र विभिन्न जैव विविधताओं का भंडार है जिसका संरक्षण मानव के लिए अति आवश्यक है। उन्होनें बताया कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए वनों का बहुत महत्व है अतः वानिकी पर शोध बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने वानिकी शोध पर संभावनाओं पर भी छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिये तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

श्री अश्वनी कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी ने विद्यार्थियों को हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला की शोध उपलब्धियों, वर्तमान गतिविधियों तथा भविष्य की कार्य योजनाओं के बारे में पावरपॉइंट प्रस्तुति द्वारा विस्तृत जानकारी दी तथा विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया।

इसके उपरांत **श्री अश्वनी कुमार,** सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी, **श्री श्याम सुंदर,** तकनीशियन एवं **श्री विपिन कुमार,** तकनीशियन द्वारा विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों को संस्थान की सभी प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया, जहां संबधित प्रयोगशालाओं के प्रभारियों द्वारा प्रयोगशाला में किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

अंत में **श्री सत्य प्रकाश नेगी,** भा॰ व॰ से॰, अरण्यपाल, प्रभागाध्यक्ष, विस्तार प्रभाग, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने समस्त विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों का हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में शैक्षणिक भ्रमण पर आने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

कुछ झलकियाँ

श्रीमती शिल्पा, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी विद्यार्थियों को वन पारिस्थिकी एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग में वर्तमान में की जा रही अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए।

कुमारी भूमिका कंवर, कनिष्ठ परियोजना अध्येता विद्यार्थियों को बचाव प्रभाग में वर्तमान में की जा रही अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए।

श्री कुलदेश कुमार, वरिष्ठ तकनीकी सहायक विद्यार्थियों को वन संवर्धन एवं वन प्रबंधन प्रभाग में वर्तमान में की जा रही अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए।

श्रीमती सोनिका शर्मा, तकनीशियन विद्यार्थियों को अनुवांशिकी एवं वृक्ष सुधार प्रभाग में वर्तमान में की जा रही अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए।